हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 निर्माणाधीन भवन से महंगे सामान ले उड़ा अज्ञात चोर



09 शिविरों में 1579 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित..





## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय सस्वर मानस गान स्पर्धा शुरू

**बालोद/कलंगपुर।** मानस प्रचार प्रसार समिति एवं समस्त ग्राम वासी परसदा मोखा के द्वारा 5 से 7 जनवरी तक तीन दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन शुक्रवार को आमंत्रित अतिथियों के द्वारा संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ अंचल के लगभग 20 मानस मंडलियां भाग लेंगी। प्रतिभागी मंडली के लिए प्रथम पुरस्कार 2001 रुपया, दूसरा पुरस्कार 1801 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1601 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1401 रुपया एवं पंचम पुरस्कार 1201 रुपया पुरस्कार रखा गया है। साथ ही प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 8 जनवरी को रात्रि में सुर संझा लोक कला मंच दुर्ग की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी धानेश्वर राम साहू ने दी।

### आज पेंशनर समाज की बैठक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की बैठक आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला अर्जुन्दा के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में बालोद जिला के सभी तहसीलों तथा जिले के पदधिकारीगण उपस्थित होंगे। बैठक में पेंशनरों की सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के उपायों पर निर्णय लिए जाएंगे। नए वर्ष 2024 की तहसील तथा जिले की सदस्यता अभियान पर विशेष रूप से विचार किया जावेगा। इस बैठक में रायपुर से मुकेश कुमार साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी देंगे। उक्त जानकारी सचिव टामन सिंह पवार ने दी है।

### ग्राम डुंडेरा में 7 को कबड्डी प्रतियोगिता

**लाटाबोड़।** ग्राम डुंडेरा में 7 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गांव के स्कूल मैदान में किया जाएगा। ग्राम सरपंच छबिलाल कोर्राम ने बताया इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 3000 तथा तृतीय 2000 हजार रूपए रखा गया है। आयोजन में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 250 रूपए रखा गया है। दोपहर 3 बजे से स्पर्धा प्रारंभ होगी।

### ठेकवाडीह में 13 को कबड्डी स्पर्धा

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में शुभम कबड्डी क्लब के तत्वधान में एक दिवसीय डे–नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 जनवरी को किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रुपए हैं।

### खपरी में कल मड़ई का आयोजन

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम खपरी में रविवार को मंडई-मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी पूर्व सरपंच पुरानिक साहू ने दी।

### नेवारीकला में 12 को मंडई-मेला का आयोजन

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में 12 जनवरी को मंडई-मेला का आयोजन किया गया है। यहां रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं 13 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के साथ दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### फागुनदाह में 18 को मड़ई

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में 18 जनवरी को मंडई रखा गया है, रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ग्राम प्रमुख प्रकाश सूर्यवंशी, हेमंत साहू, पुनम साहू, देवधर साहू ने यह जानकारी दी।

# निर्धारित समयावधि में कार्यों को बेहतर ढंग से करें पूरा : चंद्रवाल

## नवनियुक्त कलेक्टर ने जिला कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री चन्द्रवाल ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कार्यालय में साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित समय अवधि में अपने कार्यों को बेहतर ढंग से संपादित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित जिला नाजिर कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, नजूल कक्ष, एनआईसी कक्ष, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय, राजस्व लेखा शाखा, नजारत कक्ष, आवक–जावक कक्ष, वित्त शाखा, वरिष्ठ लिपिक एवं प्रतिलिपि शाखा, सांख्यिकी एवं प्रोटोकॉल शाखा आदि का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने खनिज शाखा, आदिवासी विकास विभाग आदि का निरीक्षण कर उनके विभागों के कार्यों के संबंध में जानकारी ली।



### जिले में कुल आदिवासी व राशन कार्ड के संबंध में जानकारी ली

कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों से जिले में आदिवासियों की कुल जनसंख्या के संबंध में जानकारी ली। खाद्य शाखा का निरीक्षण कर जिला खाद्य अधिकारी से जिले में कुल राशन कार्डधारियों की संख्या एवं राशन कार्ड बनाने के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनसम्पर्क विभाग, योजना एवं सांख्यिकी शाखा, अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, हथकरघा विभाग, जिला कोषालय, चिप्स, आबकारी विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

**मदिरा से मिलने वाला राजस्व जाना :** कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी से जिले के कुल मदिरा दुकानों की संख्या तथा अब तक कुल प्राप्त राजस्व के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होने महिला एवं बाल विकास विभाग, निर्वाचन शाखा एवं क्रेडा के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को जिले में शासकीय योजनाओं के निर्धारित समयावधि में सफल क्रियान्वयन हेतु निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा।

## चोरी का नया सिस्टम : शहरीय व ग्रामीण इलाकों में सामने आ रहे मामले

# दूर का रिश्तेदार हूं, लड़की का रिश्ता लाए हैं सहित अन्य बातें बोल घर में घुस कर रहे लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के नए-नए तरीका अपनाया जा रहा है। दूर का रिश्तेदार बताकर, शादी का रिश्ता लाने से लेकर घर में संपत्ति बढाने का तरीका बताने सहित अन्य बातें बोलकर घरों में प्रवेश करने के बाद दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ये चोर शहरी क्षेत्र के बजाए ग्रामीण क्षेत्रें में जाकर भोले भाले ग्रामीणों को अपना शिकार बना रहे हैं। वहीं ग्रामीण भी इन चोरों द्वारा रचित झूठी कहानी में फंसकर अपना आर्थिक नुकसान कर रहे हैं।

■ जागरुकता की कमी के कारण शिकार हो रहे लोग : पुलिस

### केस- 1

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करकाभाट में ग्रामीण बिसनाथ सिन्हा और पत्नी खेमबाई सिन्हा घर पर थे। उसी समय दोपहर 2 बजे एक अज्ञात व्यक्ति बाइक से आया और दूर का रिश्तेदार होना बताया। अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारे घर का बंधन कर देता हूं। घर की लड़की के लिए शादी का अच्छा रिश्ता लाऊंगा कहने लगा। उसके बाद उसने घर में संपत्ति बढ़ाने अलमारी की दिशा बदलने की बात कही। अलमारी से चांदी का पायल, 2 नग चांदी का करधन,1 नग सोने का मंगलसूत्र, 1 जोड़ी सोने का टाप्स एवं घर में रखे नकद 50 हजार रुपए कुल 1,31,300 रुपए को एक जगह रखवाकर कहा कि आपके घर में संपत्ति नहीं रूक रही है बोला। आंख बंदकर मंत्र जाप कहने कहा। इसके बाद हम दोनों को अचेत अवस्था में कर दिया व सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी रकम को लेकर फरार हो गया।



### रिपोर्ट दर्ज, विवेचना शुरू

मामले में थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई। चोरों की तलाश की जा रही है।उन्होंने कहा कि लोगों में जागरुकता की कमी है7 जागरूक होने की आवश्यकता है।

### केस- 2

ग्राम नेवारीखुर्द में भी नन्दरानी यादव नामक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें वह भी इसी तरह की घटना घटित होने की जानकारी दी। नंदरानी यादव ने बताया की एक अज्ञात व्यक्ति मां का मामा हूं कहकर परिचय दिया। बताने लगा कि घर पर समस्या है, सम्पत्ति नहीं रूक रही है, बंधन कर देता हूं। यह कहकर सास को घर के बाहर बैठने बोला और मुझे तुम्हारे पहने हुए गहने को उतारकर दे दो उसे झाड़फूंक कर देता हूं। उसको सात दिनों तक नहीं पहनना है। बोलने पर उस व्यक्ति को पहने हुए सोने– चांदी के जेवर को उतार कर दे दी। उसके बाद नहाकर आओ बोला। फिर वह नहाने चली गयी । नहाकर वापस आई तो देखा कि वह व्यक्ति घर पर नहीं था। उसके सोने– चांदी के जेवर कुल कीमत करीब 42 हजार रुपए की धोखाधड़ी करके ले गया।

## एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने की सीएम साय से भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने छत्तीसगढ़ी भाषा को पूर्ण राजभाषा का दर्जा दिलाने व छत्तीसगढ़ी भाषा में डिग्री लेकर बेरोजगार घूम रहे युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की है। छात्र प्रतिनिधियों ने सीएम श्री साय से निवदन किया है कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ी में जल्द ही रोजगार की व्यवस्था कराने के साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा को स्कूली शिक्षा में शामिल कर एक विषय के रूप में पठन-पाठन करवाया जाए तथा शिक्षक के रूप में एमए छत्तीसगढ़ी के बेरोजगार डिग्रीधारियों की भर्ती की जाए।

■ डिग्रीधारी सैकड़ों युवा कोर्स करने के बाद भी बेरोजगार

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा वर्ष 2007 में संवैधानिक रूप से भाजपा सरकार द्वारा किया गया है और वर्ष 2013 से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में एमए छत्तीसगढ़ी की पढाई संचालित है। 2013 से वर्तमान तक एक हजार से अधिक छात्र छत्तीसगढ़ी भाषा में डिग्री लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं। सीएम से मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से विनय बघेल, ऋतुराज साहू, संजीव साहू, अजय पटेल, जिनेंद्र यादव, सत्या, पूजा, अदिति, लक्की, रजत आदि शामिल थे।

## पीएम स्वनिधि योजना हितग्राही को मिला 50 हजार का लोन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगरपालिका अध्यक्ष शीबू नायर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती शीतल चंद्रवंशी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत हितग्राही को 50 ,000 लोन का चेक भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस स्कीम को केंद्र सरकार द्वारा कोरोना महामारी के दौरान छोटे दुकानदारों को आर्थिक मदद देने के लिए शुरू किया गया था। इस योजना के जरिए अब तक 70 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को आर्थिक मदद दी जा चुकी है। पीएम स्वनिधि योजना को खासतौर पर स्ट्रीट वेंडर्स की मदद के लिए शुरू किया गया है। स्कीम के तहत पहली बार 10,000 रुपये तक की लोन राशि बिना किसी गारंटी के प्राप्त कर सकते हैं। वहीं 12 महीने के भीतर राशि वापस करने के बाद आपको दूसरी बार 20,000 रुपये और तीसरी बार 50,000 रुपये तक की राशि मिल सकती है। इस लोन के लिए किसी भी सरकारी बैंक में जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आपके पास बैंक अकाउंट, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।

# भगवान का नाम भाव-कुभाव, जाने-अनजाने में भी लेने से संवर जाता है मानव का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन पंडित बाला प्रसाद शर्मा ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संसार में केवल दो ही शक्ति है एक माया व दूसरा मायापति भगवान श्रीकृष्ण जब मनुष्य के जीवन में माया प्राप्त होती है तो मनुष्य जीवों के बंधन से सांसारिक जीवन में बंध में जाता है। लेकिन जीवन में मायापति श्रीकृष्ण का आगमन होता हैं तो उसके आने से व्यक्ति सांसारिक बंधनों से मुक्त हो जाता है।

■ ग्राम ठेकवाडीह में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन श्रीकृष्ण अवतार, बाल लीला गोवर्धन पूजा, रुखमणी विवाह की संगीत में कथा सुनाते कथावाचक पंडित शर्मा ने कहा कि भगवान का नाम भाव कुभाव, जाने अनजाने अथवा किसी भी स्थिति में लेने से जीवन संवर जाता है। दुराचारी अजामिल ने घर आए संतों को भगा दिया था परंतु उनके द्वारा उसके पुत्र का नाम नारायण रखवा दिया गया था। प्राणांत के समय अपने पुत्र नारायण का नाम लेने से उसे यम यातना से छुटकारा मिल गया था और देवदूत लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न नरकों का वर्णन करते हुए बताया कि व्यक्ति अपने किए हुए कर्मों को कितने कष्ट झेल कर भोगता है। हर सांस में हो सुमिरन तेरा यूं ही बीत जाए जीवन मेरा जैसे कर्णप्रिय भजनों से श्रोताओं को झूमने नाचने पर मजबूर किया। भागवत कथा के दौरान भजन पर झूमते नाचते श्रोतागण नजर आए ठेकवाडीह का वातावरण भक्ति में हो गया है। भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण जन्मोत्सव कथा के साथ आयोजनकर्ता ईश्वर साहू, गंगा देवी साहू, बृजराज साहू, लता साहू, डोमार साहू, शकुन साहू द्वारा बच्चों को कपड़ा दान किया गया।





शनिवार को रुक्मणी मंगल की कथा सुनाई जाएगी । आयोजनकर्ता ईश्वर साहू ने बताया कि कथा के दौरान भगवान कृष्ण की जन्मोत्सव एवं कृष्ण बाल लीलाओं का कथा का रसपान करने आसपास सहित अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होने बताया कि प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। कथा का समय सुबह 10 बजे से 1 तक दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक है।

## शिव महापुराण के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**गुरूर।** ग्राम धोबनपुरी मे शिव महापुराण कथा में पंडित अशोक कृष्ण महराज ने भागवतकथा सुनाई। आयोजक संध्या, अजेंद्र साहू ने बताया की पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन आसपास के लोगों में काफी उत्साह शिवजी के प्रति देखने को मिल रहा है।कार्यक्रम में ग्रामवासियों का जबरदस्त सहयोग दिखाई दिया है। आयोजनकर्ता महामंत्री भाजयुमो गुरुर अजेंद्र साहू, जनपद सदस्य गुरुर संध्या साहू एवं युवा मित्र मंडली है। सभी ने धर्म के प्रति लोगों को जोड़ने का भगवान शिव के प्रति प्रेम श्रद्धा और विश्वास जगाने का एक छोटा सा प्रयास किया है। पहले दिन गाँव के भव्य कलशयात्रा के माध्यम से शुरुआत शिव महत्तम कथा का लोगों ने श्रवण किया है। दूसरे दिन हिमालय दर्शन कथा के माध्यम से लोगों का पंडित अशोक कृष्ण महाराज ने मन मोह लिया है।



## खपरी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का तीसरा दिन

# स्वच्छता और नशामुक्त समाज बनाने का दिलाया संकल्प







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर द्वारा ग्राम खपरी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन प्रभातफेरी के साथ शुरूवात हुई। योगा, पीटी, परेड के बाद परियोजना कार्य के अंतर्गत साहू सामुदायिक भवन, बुढ़ादेव मंदिर परिसर, राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण एवं मानसगान मंच एवं गांव के विभिन्न मार्गों की साफ सफाई की गई।

ग्राम पंचायत खपरी के सरपंच जनक बाई साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता और नशामुक्त समाज के संकल्प दिलाया गया। प्रजापति ब्रम्हकुमारी संध्या हिमाचल प्रदेश से आए रोके कुमार ने योग के बारे मे विस्तार से व्याख्यान दिए। जिसको विद्यार्थियों ने काफी सराहा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच खपरी पुरानिक राम साहू द्वारा नशामुक्त समाज के लिए युवा पर सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी आरएन साहू ने किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी।

### ये रहे मौजूद

बौद्धिक परिचर्चा के कार्यक्रम में बैसाखू राम साहू, पूर्व उपसरपंच ग्राम पलारी महेन्द्र कुमार मंडावी, व्याख्याता डीएल साहू, भोजराम साहू, भैयाराम साहू, पूर्व उपसरपंच माखने लाल मंडावी, व्याख्याता शासकीय उच्च माध्यमिक कलंगपुर टीसी मंडावी, ग्राम प्रमुख जीवधन सेन, लेखराम साहू, पत्तेलाल साहू मौजूद रहे।

## देवेंद्र ने की स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

**डौंडीलोहारा।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य व भाजपा जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल ने स्वास्थ्य मंत्रीश्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य भेंट कर मंत्री बनने पर बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने क्षेत्र में कमजोर स्वास्थ सेवाओं के संबंध में अवगत कराते हुए जल्द से जल्द बेहतर स्वास्थ्य सेवा हेतु डाक्टरों की नियुक्ति की मांग की। इस पर मंत्री श्री जायसवाल ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### निज सहायक बेलचंदन बनने पर दी बधाई

**दुर्ग।** युवराज बेलचंदन को ललित चंद्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण) के निज सहायक बनाए जाने पर बधाई देते हुए संजय चंद्राकर सीएसी निकुम, किशोर कुमार दिल्लीवार सीएसी विनायकपुर, कमल वैष्णव सीएसी तिलक एवम्-अन्य साथी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को विधायक ने लिखा पत्र



**दुर्ग।** जिला अस्पताल में मरीजों को सुविधा दिए जाने और संसाधनों में विस्तार के लिए दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने केन्दिय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख एल मंडाविया को पत्र लिखा है। विगत दिनों 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर उनके द्वारा स्वास्थ्य के मामले में बैठक भी ली गई थी। जिसके बाद विधायक ने जिला अस्पताल में हदय की मरीजों हेतु कार्डियक सेंटर एवं कैथ सेट-अप की आवश्यकता व मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल के बिस्तरों की संख्या 100 से 200 बिस्तरों बढाने की मांग की है। इसके आलावा उन्नत ट्रामा यूनिट एवं उनके मानव संसाधन और जिला चिकित्सालय दुर्ग के रेडियोलाजी विभाग में मरीजों की सुविधा हेतु एमआर आई की सुविधा प्रारंभ किये जाने हेतु सेटअप की आवश्यकता होने की जानकारी दी गई है।

### वीवाई अस्पताल ने नहीं दिया नोटिस का जवाब




**दुर्ग।** विगत 30 जून को धमधा निवासी गर्भवती महिला की मृत्यु मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपना पक्ष नही रखा गया है। अफसरों का कहना है कि, मातृत्व मृत्यु की समय पर जानकारी एवं विभागीय नोटिस का जवाब नहीं देना। प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है, जो कि छग उपचार्यगृह एवं रोगोपचार संबधी अनुज्ञापन अपिनियम, छग नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है।

### श्रीराम कथा व 1008 कुंडीय हनुमत महायज्ञ 15 फरवरी से

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम भिलाई में सांसद विजय बघेल, प्रीतमपाल बेलचंदन, संत राम बालक दास महात्यागी पाटेश्वर धाम, संत कान्हा महाराज संस्था कार्यकारिणी के रामचरण-अनुरागी गुरुदेव स्वामी रामभद्राचार्य के कृपा पात्र शिष्य प्रमुख संरक्षक डॉ. अशोक हरिवंश चतुर्वेदी राम-कथा-वाचक एवं सेवा समिति के सतीश कुमार चौबे मुख्य सलाहकार, समिति अध्यक्ष मनीष सिंह गौर, कार्यक्रम के प्रमुख जजमान संदीप कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में फरवरी में होने जा रही नव दिवसीय श्रीराम कथा एवं 1008 कुंडीय हनुमत महायज्ञ के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम किया गया।

### बीएसपी ने 2023 में फिर किया रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान कई क्षेत्रें में रिकर्ड उत्पादन स्तर दर्ज किया है। पहली बार संयंत्र ने एक कैलेंडर वर्ष में सेलेबल स्टील उत्पादन और डिस्पैच के लिए लोडिंग में 5 मिलियन टन के आंकड़े को पार किया है। व 2023 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.26 मिलियन टन सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज किया गया । इसी प्रकार वर्ष 2023 में डिस्पैच के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.23 मिलियन टन सेलेबल स्टील लोडिंग दर्ज करते हुए वर्ष 2021 में हासिल किए गए 4.68 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग को पार किया।

# कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न पर गठित समिति करेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोषण) अधिनियम 2013 अंतर्गत गठित स्थानीय शिकायत समिति एवं विभाग की आंतरिक शिकायत समिति की बैठक विगत दिवस जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में आयोजित की गई।

बैठक में कामकाजी महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। अधिनियम के प्रावधानो पर विचार-विमर्श किया गया, स्थानीय शिकायत समिति, आंतरिक शिकायत समिति कार्य, कार्यक्षेत्र क्या होगा, समिति को शिकायत प्राप्त होने पर, समिति द्वारा तत्काल एवं नियमित सुनवाई के लिए कार्य योजना बनाई गई। किसी महिला के साथ

## जिले में महिला उत्पीड़न का बुरा हाल, शिकायत बाद भी कार्रवाई नहीं




कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न जैसी घटना घटित होने पर वह उस विभाग में गठित आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष शिकायत कर सकती है, साथ ही यदि शिकायत कार्यालय प्रमुख के खिलाफ है तो या कार्यालय में 10 से कम कर्मचारी होने के कारण आंतरिक शिकायत समिति गठित न होने की दशा में शिकायत, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत गठित स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष की जा सकती है। कलेक्टर द्वारा नगर निगम दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली के आयुक्तों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जामुल एवं अहिवारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत धमधा, उतई, पाटन, अम्लेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा और पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 7 दिन के अंदर समिति के पास प्रकरण

ग्रामीण एवं नगरीय निकायों से शिकायत प्राप्त करने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, कार्यस्थलों से लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायत और 10 से कम कर्मचारी होने के फलस्वरूप आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया हो अथवा शिकायत नियोक्ता के विरूद्ध की गई है। शिकायत समिति को 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रेषित करना होगा।

### जिले में शिकायत बाद भी कार्यवाही नहीं

भले ही महिला उत्पीडन को लेकर कई समितियां गठित की जाए। लेकिन जिले के मुख्यालय में विगत दिनों लगातार शिकायत प्राप्त हुई। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही नही की गई है। स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ डां जामगढे द्वारा उत्पीडन की शिकायत वही के महिला स्टाफ ने की थी, इसके आलावा शिक्षा विभाग के पास जेआरडी स्कूल के एक शिक्षक ने वही की महिला स्टाफ के साथ छेडछाड किया। दोनो ही मामले में शिकायत की गई। लेकिन दोषियों पर कार्यवाही नही हुई।

## राज्य आयोग ने चुनाव से पहले जारी की थी राशि

# साढ़े छह हजार को बंटा चुनावी मानदेय, 4 हजार अधिकारी-कर्मचारी ताक रहे राह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भले ही विधानसभा चुनाव के पहले इस बार सभी जिलों को चुनाव में लगे कर्मियों के मानदेय राशि जारी कर दी गई थी। लेकिन चुनाव होने के डेढ माह बाद भी करीब चार हजार कर्मियों को वेतन जारी नही हो सका है। हांलाकि चुनाव में लगे दस हजार कर्मियों में साढे छः हजार को करीब 73 लाख 60 हजार रूपए जारी हो चुका हैं।

मिली जानकारी अनुसार विधानसभा चुनाव में करीब दस हजार कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई

## जिले में डेढ़ करोड़ रुपए मानदेय के लिए जारी किया गया




थी। जिले में छः विधानसभा के लिए आयोग द्वारा डेढ करोड रूपए राशि जारी किया गया था। इसमें से जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दल में शामिल 5940 कर्मियों को पहले किस्त में 5 लाख 79 हजार 15 सौ रूपए जारी किए गए। वही 132 मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक को 9 लाख नब्बे हजार रूपए जारी किया गया। मतगणना में शीलिंग कार्य में लगे कर्मियों को 16500 और एमसीएमसी, काल सेंटर व ईईएम में लगे कर्मियों को 498400 रूपए जारी किया गया है। इस तरह आयोग द्वारा जारी करीब डेढ करोड में 73 लाख 60400 रूपए जारी किए गए है। जबकि चार हजार कर्मियों का भुगतान शेष है।

### आरटीओ को बिल बनाने फुर्सत नहीं

चुनाव निपटने के बाद इधर वाहन मालिक भाडा राशि के लिए परेशान है। चुनाव में करीब एक हजार से अधिक छोटी व बडी गाडियां लगी थी। जिसके एवज में किराया व डीजल का भुगतान किया जाना है। आयोग द्वारा चुनाव के पहले 24 लाख रूपए जारी किया गया था। हांलाकि जानकारी अनुसार वाहन में अस्सी लाख से अधिक खर्च होने की बात कही जा रही है। हांलाकि अभी आरटीओ ने बिल जिला निर्वाचन आयोग को नही दिया हैं।

### इन्हें नहीं हो पाया भुगतान

जानकारी अनुसार माइक्रो आब्र्जवर, सुरक्षाकर्मी, मतदान दल में शामिल तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मी, वही सरकार वाहन प्रभारी को भुगतान नही हो पाया है। इसके आलावा केन्द्रिय सुरक्षा बल और राज्य सुरक्षा बल के जवानों को भी भुगतान बाकी है। वही करीब 1479 बीएलओ भी शेष रह गए है। जिला निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी अनुसार चुनाव में लगे अधिकारी व कर्मचारी जिन्हें मानदेय नही मिल पाया हैं, वे जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# कौशलेंद्र पटेल व नीता त्रिपाठी बने प्रातांध्यक्ष



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के वर्तमान पदाधिकारियों कार्यकाल समाप्त होने पर संस्थापक व संयोजक डॉ .शिवनारायण देवांगन आस के सयोजन में त्रिवर्षीय प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नये कार्यकारिणी में प्रातांध्यक्ष- कौशलेन्द्र पटेल, वरि. उपाध्यक्ष- संजय कुमार मैथिल, उपाध्यक्ष- हर्षा देवांगन व प्रीति चन्द्र मल्लिका, महासचिव डॉ. बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन, संयुक्त सचिव उषा भट्ट, संगठन मंत्री-राधेश्याम कंवर, सहसचिव- हेमराज निषाद, मीना भारद्वाज व देव प्रसाद पात्रे, प्रचार मंत्री चन्द्र कुमार चन्द्रा, हरमन लाल बघेल व ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार श्रवण, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव व पुष्पांजलि ठाकुर, सलाहकार- टीकाराम सारथी व डॉ. प्रमोद आदित्य चुने गए हैं। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य- विजय कुमार प्रधान, शिवकुमार अंगारे, चुरावन लाल तरूण, विरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, देवकुमार बिरको चुने गये। वही प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ प्रातांध्यक्ष नीता त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. ज्योति सक्सेना, महासचिव रेखा शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रतिभा त्रिपाठी, संयुक्त सचिव ज्योति गजपाल, मीडिया प्रभारी- चमेली साहू, प्रवक्ता- शांति थवाईत, प्रचार मंत्री- प्रतिभा यादव, सहसचिव- कविता सरसीहा, संगठन मंत्री सुनीता जर्नादन, सलाहकार मार्गरेट कुजुर, कार्य कार्यकारिणी सदस्य ईश्वरी देवांगन, मिथिला जायसवाल, सरोजनी साहू, एस.वीणा पटेल, शकुंतला सहंश चुने गये।

# फागुनदाह में निकली अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम फागुनदाह में ग्रामीणों द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष सम्मिलित हुए। जिसमें भजन गीत गाते हुए गांव भक्तिमय हो गया।

■ भजन गाते हुए ग्राम का किया भ्रमण

आयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण किया जा रहा है, जिसको लेकर लोगों में काफी उत्साह है। मंदिर का निर्माण पूर्ण होने को है और भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की तारीख भी सामने आ चुकी है। जिसके बाद से ही न सिर्फ बड़े मंदिरों में बल्कि गांव गांव में आयोध्या में भगवान राम का 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।





जिसके तहत पहले तो आयोध्या से गांवों के लिए अक्षत कलश जिले के मुख्य केन्द्रों में पहुंचा। जहां से अक्षत कलश को जिले के मुख्य मंदिर मे रखकर कार्ययोजना के तहत विकासखण्डों में पहुंचाया गया। विकासखण्डों से अक्षत कलश आसपास के ग्रामों के मुखिया के माध्यम से पहुंचा । जिसके तहत ग्राम फागुनदाह में भी अक्षत कलश पहुंचने पर ग्राम की महिलाएं कलश शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किए। गाजे बाजे के साथ भगवा ध्वज लेकर लोग रैली में सम्मिलित हुए। महिला, पुरुष, बुजुर्ग और छोटे बच्चे बड़ी संख्या में शोभायात्रा में सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाया।

कार्यक्रम के साथ ही ग्राम मे 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर मे होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को ग्राम मे भव्य तरीके से मनाने की तैयारी और योजनाएं बनाई जा रही है। जिसके तहत ग्राम के हर घर में अक्षत वितरण के साथ ही सबको राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ग्राम में भव्य तरीके से मनाने के लिए अक्षत बांटकर न्योता दिया जाएगा।

वही ग्राम के मंदिरों की साफ सफाई भी प्रारंभ की जाएगी तथा आसपास के परिसर की भी सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाकर की जाएगी। जिसके बाद 22 जनवरी को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन हर घर में दिवाली मनाने जैसे दीपक जलाने की अपील भी की जाएगी। ग्राम के चौक में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन प्रसारण के लिए भी योजना बनाई जा रही है।

## बड़गांव में मनाया स्थापना दिवस



**डौंडीलोहारा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित संलग्न माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में योगाभ्यास पतंजलि योग परिवार के स्थापना दिवस के अवसर पर पांचवां दिन मंगलमय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतिदिन की भांति योग शिक्षक मुकेश देशमुख,पीलू राम साहू द्वारा प्रार्थना,यौगिक-जागिंग, सूर्य नमस्कार, प्रज्ञायोग व्यायाम, बैठकर व खड़े होकर किए जाने वाले आसन,पेट व पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों को करवाया गया। साथ ही प्राणायाम जिसमें भस्त्रिका प्राणायाम कपालभांति प्राणायाम ,बाह्य, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, सिंहासन,हास्यासन करवाया गया। तत्पश्चात पतंजलि योग परिवार के स्थापना दिवस पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ जिसमें सभी योग साधकों ने आहुति डालकर स्वस्थ व दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के अध्यक्ष मुकेश आरदा, महिला पतंजलि से मधुमाला कौशल, चंद्राकर दीदी जी, ममता साहू, कमलकांत साहू उपस्थित थे।

## चिखलाकसा में मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती



**दल्लीराजहरा।** ग्राम चिखलाकसा में देश की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। माता सावित्रीबाई फुले की जीवनी एवं उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही दल्लीराजहरा में तहसील स्तरीय मां शाकंभरी जयंती को मनाए जाने के संबंध में एवं तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। जयंती के दिन प्रतिभा सम्मान युवक युवती परिचय एवं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संयोजक कोमल पटेल अध्यक्ष ईश्वर पटेल सचिव प्रीतम पटेल ने सभा को संबोधित किया । संचालन कार्यकारी अध्यक्ष दुष्यंत पटेल ने किया। इस कार्यक्रम मे संरक्षक गंगा राम पटेल कोषाध्यक्ष चैतराम सार्वा गुलाल पटेल लखन पटेल राजेश दुरेन्द्र हेमन्त गिरीश अनिता राधिका एवं माता बहने बड़ी संख्या में उपस्थित थी । कार्यक्रम के लिए स्वेच्छा दान की घोषणा भी किए। प्रकोष्ठों के गठन के लिए युवा महिला एवं कर्मचारियों का नाम मांगा गया।

# राज्यसभा सांसद सरोज ने दी ई-ट्राइसिकल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

राज्य सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के द्वारा सांसद निधी से आज खुर्सीपार निवासी दिव्यांग मेजर सिंग को ई-ट्राईसिकल प्रदान किया गया। दिव्यांग मेजर सिंग खुर्सीपार जोन 2 सेक्टर 11 का निवासी है। दिव्यांग होने के कारण अपना कार्य माता-पिता, बच्चों और बैसाखी के सहारे पूरा करता था।परन्तु अब राज्य सभा सांसद द्वारा मेजर सिंग को नया ई-ट्राईसिकल दिया गया है अब वह अपने कार्य ई-ट्राईसिकल के सहारे पूरा करेगा। सांसद ने कहा मेजर सिंग को अब किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और यही मेरे लिए एक सुखद अनुभूति है।

■ मेजर सिंग को नया ई-ट्राईसिकल मिलने से खुशी



## विधायक अनिला ने किरण को किया श्रद्धासुमन अर्पित



**डौंडीलोहारा।** विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया वनांचल ग्राम अरजपुरी ,प्रमोद चौहान के यहां उनकी धर्मपत्नी श्रीमती किरण चौहान के दशगात्र में उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिवारजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। परिजनों को सांत्वना प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा , प्रोफेसनल कांग्रेस बालोद के अध्यक्ष विकास भेड़िया, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति जिला महामंत्री हस्तीमल सांखला, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री मेघनाथ साहू जोन प्रभारी गणेश रात्रे, गुलाब भंसाली एवं परिजन उपस्थिति रहे।

## कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा योजना से मिलेगी पहचान

# व्यवसायों के लिए मिलेगा प्रशिक्षण, अनुदान व ऋण भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

केन्द्र शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। यह योजना 17 सितम्बर 2023 से प्रारंभ किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान, ऋण आदि से लाभान्वित किया जा रहा है।

योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, विश्वकर्माओं के उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़ कर उनका कौशल विकास करना, उनकी योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार, टूल किट प्रदान करना, संपर्शिक मुक्त ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ना है। योजनातंर्गत आवेदन करने हेतु इच्छुक आवेदक सामान्य सेवा केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते है।



### 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय-बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार (मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाडू व पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को सम्मिलित किया गया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभ

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शिल्पकारों और कारीगरों को प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पंजीकृत हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की राशि 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर दिया जाएगा। इस योजना के तहत पंजीयन के बाद उनके पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 5 दिन का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा एवं 500 रूपये प्रतिदिन की दर से स्टाईफंड दिया जाएगा। उन्हें यंत्र एवं औजार के लिए 15 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि भी दी जाएगी।

# नेहरू नगर फ्लाईओवर की फॉलसीलिंग गिरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नेहरू नगर चौक में नेशनल हाईवे पर करोड़ों रूपये खर्च कर बने फ्लाईओवर के नीचे की फॉलसीलिंग गुरुवार की सुबह भरभराकर गिर गई हालांकि इससे कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन चंद महीने के भीतर फॉलसीलिंग का इस तरह भरभरा कर गिर जाना अपने आपमें आश्चर्यजनक घटना है। घटना को लेकर ब्रिज पूर्णता प्रमाण पत्र दिया जाना और संबंधित अधिकारियों की जांच पर उंगली उठने लगी है। निगम आयुक्त ने कहा कि जांच करवाएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को बीच नेहरू नगर फ्लाईओवर के नीचे बनी फॉलसीलिंग गिर गई। अलग-अलग स्थानों पर बना तीन स्ट्रक्चर ढह गया है। आपको बता दें कि नेशनल हाईवे होने के कारण इस पर ट्रैफिक काफी रहता है लेकिन सुबह का समय होने से जान माल का नुक़सान नहीं हुआ। सिग्नल पर गिरने के समय कुछ वाहन चालक मौजूद थे लेकिन जब उन्होंने ढांचा ढहते देखा तो वे वहां से हट गए। अगर हादसे के वक्त ट्रैफिक ज्यादा होता तो गंभीर हादसा हो सकता था। जानकारी मिली है कि ओवरब्रिज की फॉलसीलिंग का काम नगर निगम ने निजी कंपनी को सौंपा था जबकि मानीटरिंग नगर निगम की ही थी। जानकारों ने कहा कि यह हादसा कमजोर ढांचे और निर्माण में लापरवाही के कारण हुआ है।

**खबर संक्षेप**



## कजरा बांधा बरबसपुर में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम कजरा बांधा बरबसपुर में 7 से 15 जनवरी तक 9 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। भागवत उत्सव कथा एवं प्रसंग प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जिसमें कथावाचक युवा पंडित अमित सरस भारती झा ओंकारेश्वर शिव मंदिर पलारी होंगे एवं परायण कर्ता पंडित प्रदीप महाराज होंगे। उक्त आयोजन स्वर्गीय सियाराम साहू एवं बिसहत राम साहू की स्मृति में सामुदायिक भवन में होगा। जिसमें 7 जनवरी को कलश यात्र निकाली जाएगी, संध्या वंदन गौकर्ण उपाख्यान होगा। 8 जनवरी को कथा प्रारंभ परीक्षित जन्म वराह अवतार होगा। 9 जनवरी को कपिल चरित्र, धुरव चरित्र, सती चरित्र होगा। 10 जनवरी को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन होगा। 11 जनवरी को श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 12 जनवरी को श्री कृष्ण बाललीला एवं रासलीला होगी। 13 जनवरी को रुखमणी मंगल चरित्र होगा। 14 जनवरी को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ोत्तरी होगी। 15 जनवरी गीता प्रवचन तुलसी वर्षा हवन पूजन कपिल तर्पण एवं कथा समापन होंगे।

## मानसगान प्रतियोगिता कन्हारपुरी में 11 से

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में मानस गान समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वधान में 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित व्यावसाई कन्हारपुरी तोखन लाल साहू रहेंगे। अध्यक्षता भूखाराम देवांगन करेंगे। विशिष्ट अतिथि गणेश राम साहू, आकाश खत्री, रोहित कुमार अठभैय्या, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज तीजू साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति अभिलाष साहू, मनीष जैन, पूर्व मंडलेश्वर सिंहा समाज गुरुर डॉ. घनश्याम सिंह, सेवा निवृत समयपाल सिंचाई विभाग अजीत राम सिंहा होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पप्पू सेठ कांकरिया होंगे। अध्यक्षता ग्राम सरपंच भागाबाई साहू करेंगी। मुख्य अतिथि शैलेंद्र पवार धमतरी, राधेश्याम साहू सहायक प्रबंधक सेवा सहकारी मोखा, कविता गंगबेर पंच, घनश्याम खत्री होंगे।

## नए कलेक्टर गौरव सिंह ने संभाला कार्यभार

**रायपुर।** रायपुर जिले के नवनियुक्त कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जिले के 21वें कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला। इस दौरान पूर्व कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, बीसी साहू, गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिले के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। नवनियुक्त कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनसे संबंधित विभागों के कार्यों की भी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि डा. सिंह 2013 बैच के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी हैं।

**आयोजन :** जिले के कई गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# शिविरों में 1579 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित, 387 को मिला गैस कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1579 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 387 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 73 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 230 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 128 हितग्राहियों का







पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 63 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भुरकाभाट एवं हडगहन तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भरदाकला, देवगहन एवं परसाही में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम घोघोपुरी, धनेली, तार्री, बोरतरा, भूलनडबरी, बोडरा, बासीन, भोथली एवं डानडेसरा तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम धोबनी ब एवं सिंगनवाही में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

**मेरी कहानी, मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों ने साझा किया अनुभव**

## पीएम आवास योजना से पूरा हुआ पक्के मकान का सपना

**डौंडी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ नगर पहुंचा। इस दौरान ग्रामीणों को केन्द्र की विभन्न योजनाओं की जानकारी दी गई साथ पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस, आयुष्मान कार्ड आदि का वितरण किया गया। इस दौरान एलसीडी प्रोजेक्टर वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीति, योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी को प्रदर्शित किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर गांव-गांव पहुंचकर, केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पंहुचा रहा है। शिविर हितग्राहियों के लिए योजनाओं का लाभ लेने में मददगार साबित हो रहा है। पहले जहां शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं होने के चलते, पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाते थे, वही अब सहजता पूर्वक योजनाओं का लाभ ले पा रहे हैं। मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से पीएम आवास के हितग्राही सुमन मानिकपुरी ने बताया कि मुझे



पीएम आवास योजना का लाभ मिला है, पहले कच्चे मकान में रहती थी आज पक्के मकान में रहती हूं। इस योजना ने मेरे जीवन में खुशियां भर दी है। सुमित्रा भंडारी ने बताई कि मैं स्व सहायता समूह से जुड़ी हूं, समूह से आमदनी हो रही हैं, मैं खुश हूं। शिविर में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने आवेदन किया गया। शिविर में पीएम आवास, स्वास्थ्य परीक्षण, आधार अपडेशन, विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। कार्यक्रम में सोमेश सोरी, रूपेश नायक के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा, महामंत्री अजय चौहान, राधिका भारद्वाज, संजीव मानकर, रजनी जायसवाल सहित सीएमओ संतोष देवगण, पार्षद आदि उपस्थित थे।

## भारत संकल्प यात्रा का एकमात्र उद्देश्य पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

**दल्लीराजहरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ शहर पहुंचा। इस दौरान केन्द्रीय सरकार की योजनाओं से सजे कैलेंडर का विमोचन किया गया। वहीं हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प यात्रा के माध्यम से भारत सरकार के द्वारा लागू की गई योजनाओं को कोने-कोने तक पहुंचाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया है। यात्रा का मकसद लोगों के बीच सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाना है ताकि हितग्राहियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। केन्द्र की विभिन्न योजनाओं में सुकन्या समृद्धि योजना, 10 लाख का दुर्घटना बीमा योजना, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की असंगठित कामगारों के लिए ई-श्रम पोर्टल योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना,



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना जैसे अनेक प्रकार की योजनाओं के काउंटर लगाए गए थे। इधर संकल्प यात्रा के स्वागत में सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए रंगोली बनाई गई थी। इसमें कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हमारा संकल्प विकसित भारत जैसे विभिन्न योजनाओं को दर्शाया गया था। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राही श्रीमती अरुणा देवांगन के द्वारा मातृ वंदन योजना का लाभ आंगनवाड़ी सहायिका के द्वारा मिलने पर उन्हें आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती शीतल चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, सहित सत्ता पक्ष, विपक्ष के जनप्रतिनिधि, पार्षद और अन्य लोग उपस्थित थे।

# शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में करें पूर्ण : कलेक्टर

### नवपदस्थ कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ली मातहतों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नव पदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारी निर्धारित समयावधि में सभी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जिससे की शासन के मंशानुरूप आम जनता को इसका समुचित लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिले के अधिकारियों के साथ अपने परिचयात्मक बैठक में उक्ताशय का निर्देश दिया हैं। बैठक में कलेक्टर चंद्रवाल ने जिले में शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकताएं जिला प्रशासन की भी प्राथमिकताएं हैं। इसलिए हम सभी शासकीय सेवकों का दायित्व बनता है कि सरकार के प्राथमिकताओं को निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि बालोद जिले में शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारी पूरी लगन एवं तत्परता के साथ निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में सभी विभाग प्रमुखों से जिले में केंद्र व राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी से क्विंटल धान खरीदी, वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के बकाया धान बोनस राशि के भुगतान आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन, छात्रओं को स्नात्तकोत्तर कक्षाओं तक निःशुल्क शिक्षा, गरीब परिवार के छात्र–छात्राओं को इंजीनियरिंग, चिकित्सा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग,जल जीवन मिशन,आदिवासियों के पोषण संबंधी समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया।

# हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में विकसित भारत यात्रा साबित हो रही कारगर

**दल्लीराजहरा।** समीप ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की

- शिविरों में कुल 1403 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 100 को मिला रसोई गैस कनेक्शन

गई विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

इसके अंतर्गत आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1403 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 100 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 70 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 515 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 161 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 66 किसानों का






आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम नर्राटोला एवं खैरवाही में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयॉं भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

## पुलिस व्यवस्था में सुधार की मांग, 12 को मौन प्रदर्शन

**रायपुर।** दुर्ग पुलिस के निलंबित आरक्षक संजीव मिश्रा ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने की मांग को लेकर संयुक्त पुलिस परिवार द्वारा 12 जनवरी को एक दिवसीय मौन प्रदर्शन करने रायपुर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है। आरक्षक ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पुलिस विभाग में वर्षों से कई कुप्रथा चली आ रही है। इस ओर विभाग तथा शासन का भी ध्यान आकर्षित किया गया है, बावजूद इसके अब तक निदान नहीं हो पाया है। आरक्षक ने एसएसपी कार्यालय में सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि आईपीएस तथा राज्य पुलिस सेवा से जुड़े पुलिस अफसरों का संगठन है, लेकिन निचले स्तर के पुलिसकर्मियों का कोई संगठन नहीं है, जहां वे अपनी बात रख सकें। आरक्षक ने पुलिस विभाग में सेवा दे रहे 40 हजार जवानों के पास रहने के लिए शासकीय आवास नहीं होने की बात कही है।






## खबर संक्षेप



### शराब की अवैध बिक्री करते दो गिरफ्तार

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम में दो युवकों को 42 पाव शराब के साथ पकड़ा है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी भरत देवांगन पिता छोटेलाल देवांगन 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 13 लोडिंग क्वाटर घोड़ा मंदिर के पास को कोसरिया यादव समाज भवन के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1760 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी तरह आरोपी दशरथ निषाद पिता जनक लाल निषाद 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 22 मछली मार्केट को जेडी आफिस के सामने 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रूपये के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सेवानिवृत शिक्षकों का कोलिहामार में सम्मान 9 को

**गुरूर।** खण्ड स्तरीय सेवा निवृत शिक्षक सम्मान समारोह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर के क्रीड़ागन कोलिहामार में 9 जनवरी को दोपहर 2 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर तिलक राम साहू होंगे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मुकुल केपी साव करेंगे। विशेष अतिथिगण प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय माहुद कमल राम साहू, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार चंद्राकर रहेंगे। यह कार्यक्रम सेवानिवृत शिक्षक सम्मान आयोजन समिति एवं शिक्षक वृंद विकास खण्ड गुरुर जिला बालोद के तत्वधान में आयोजन किया गया है।

**अपराध**

**भवन में रखे टाईल्स आदि में की तोड़फोड़**

# निर्माणाधीन भवन से महंगे सामान ले उड़ा अज्ञात चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कुंदरूपारा में निर्माणाधीन मकान में असामाजिक तत्वों व चोरों ने कई कीमती समानों की चोरी और मकान में तोड़फोड़ की है। भवन मालिक ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

प्रार्थी घनश्याम टुवानी ने बताया कि वे मुंबई में निवासरत हैं। बालोद के कुंदरूपारा में पुश्तैनी भूमि है, जिसमें पिछले एक साल से भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। प्रार्थी की अनुपस्थति में अज्ञात लोगों के द्वारा निर्माणाधीन भवन में लगे हुये पानी को गर्म–ठण्डा का 02 डायवर्टर, नल पाईप आदि सामान चोरी कर लिया है तथा वहां पड़े कई टाईल्स के बक्से को पूरी तरह तोड़फोड़ किया गया है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पहले भी घर में बोर लाइन के तार को काटकर चोरी कर ली गई थी, जिसकी शिकायत थाने में की थी। ज्ञात हो कि पुलिस शहर के अंदरूनी इलाकों में पेट्रोलिंग करने का दावा करती है, मगर शहर में हो रही लगातार चोरी की वारदातों से पुलिस के इन दावों की सच्चाई स्वमेव सामने आ रही है। दिन ढलते ही शहर के कई इलाकों में असामाजिक तत्वों का लगातार जमावड़ा देखा जा सकता है। इन असामाजिक तत्वों के कारण रात मे इस क्षेत्र से गुजरने से लोग कतराते हैं। असामाजिक तत्वों और चोरों के द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम देना कहीं न कहीं पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।




### शहर में अब दिनदहाड़े पार हो रही बाइक

बालोद। नगर में एक बार फिर से बाइक चोरी की घटना बढ़ गई है। शहर में अब दिनदहाड़े भी लोगों की बाइक पार होने लगी है। कोतवाली क्षेत्र के नजीर मोटर वर्क शॉप गैरेज के संचालक ने शिकायत दर्ज कराया कि उनकी बाइक किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। इसी तरह ग्राम जमरूवा निवासी परस राम सिन्हा ने भी बाइक चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एल 1369 में बालोद कचहरी में काम से आया था। कचहरी के सामने हनुमान मंदिर के पास अपनी मोटर सायकल को खड़ी करके कचहरी अंदर गया था। काम के बाद दोपहर लगभग 1:45 बजे अपनी गाड़ी के पास आकर देखा तो गाड़ी नहीं थी। किसी अज्ञात चोर ने प्रार्थी की भी बाइक पार कर दी थी।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर सजाई सुंदर रंगोली





**बालोद।** बाल विकास परियोजना के द्वारा दाऊ चौक अर्जुदा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी खलेश्वरी नाग, सेक्टर पर्यवेक्षक रीना लहरे एवं अर्जुदा सेक्टर की समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम से संबंधित प्रसार-प्रचार के लिए स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया तथा विभिन्न प्रकार की व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाया गया। इस आयोजन में उपस्थित सभी लोगों से हस्ताक्षर करवाकर उन्हें शिक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर छात्र-छात्रओं ने रंगोली प्रतियोगिता, स्वस्थ्य शिशु का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्रओं ने नृत्य के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। जिसमें प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रैली निकालकर पूरे नगर का भ्रमण कर लोगों को बेटी बचाने और उनके शिक्षा को आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए सेल्फी जोन बनाकर जागरूक किया गया।

# पशुपतिनाथ हैं संसार के सभी पशुओं के नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम मोहदींपाट बाबा में आयोजित नौ दिवसीय भागवत कथा सुना रहे संतश्री निरंजन महाराज श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने सति चरित्र व शिव-पार्वती विवाह उत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि कामदेव प्रेम व कामेच्छा के देवता है।

वह मनुष्य को अपने कामवेग से अपनी ओर खींचते है, लेकिन भगवान का सच्चा भक्त काम को भी अपने दृढ़ विश्वास और आस्था से पराजय कर सकता है। संतश्री ने कहा सति कथा सुनाते हुए कहा कि बिना निमंत्रण सति अपने पिता दक्ष के यज्ञ आयोजन में पहुंच गई। यहां सम्मान नहीं मिलने व पति की बुराई सुन सति ने यज्ञ कुंड में अपना शरीर त्याग कर दिया। इससे नाराज शिवगणों ने दक्ष के यज्ञ का विध्वंस कर दिया। इस कथा से सीख मिलती है कि जहां स्वयं का, माता-पिता, गुरु अथवा ईश्वर की निंदा का अंदेशा हो वहां कभी नहीं जाना चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का घर ही क्यों न हो।





**शिव-पार्वती विवाह की झांकी :** कथा के दौरान शिव-पार्वती के विवाह की अदभुत झांकी का प्रदर्शन किया गया। भोलेनाथ की शादी में बाराती बनकर भूत-पिशाच, दानव सहित तरह-तरह के पशु पहुंचे। भगवान भोलेनाथ की इस अद्भुत बारात में श्रद्धालु भक्त भी शामिल हुए और खूब झूमें। संत श्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ संसार के सभी पशुओं के नाथ हैं, इसलिए उन्हें पशुपतिनाथ भी कहा जाता है।

### आज ध्रुव चरित्र की कथा

लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन ने बताया कि आज शनिवार को ध्रुव चरित्र भरत कथा, जड भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र और रविवार को गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बाली प्रसंग, सोमवार को श्री कृष्ण जन्म जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, मंगलवार को वृन्दावन लीला मथुरागमन कंसवध, श्री रुखमणी मंगल कथा वर्णन, बुधवार को श्री सुदामा चरित्र द्वारिका तीला भाव, यदुवंश छ्य परीक्षित मोक्ष पश्चात भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण, (चढौत्री कार्यक्रम) होगा। इसी तरह गुरुवार को श्री गीतासार प्रवचन, हवन, पूर्णाहुति कपिलातर्पण, सहस्त्रधारा होगा।

